न्यायालय–मानस कमार, अवर न्यायाधीश (तृतीय), नरकटियागंज
स्वत्व वाद संख्या–76/1995
CIS NO-166/2019

शेख अब्दुल बारी एवं अन्य...वादीगण
बनाम
जगदीश सिंह एवं अन्य...प्रतिवादीगण

15.01.2021 उभय पक्ष की पैरवी है। वादीगण की ओर से एक आवेदन दिनांक 07.01.2021 को इस आशय से आवेदन दिया गया है कि वादग्रस्त भूमि के संबंध में खाता 7 का हाल सर्वे खतियान मौजा–चौहाट, थाना नं0–217 की सच्ची प्रतिलिपि दाखिल किया गया है, जो लोक दस्तावेज की श्रेणी में आता है। अतः इस पर प्रदर्श अंकित करने की कृपा की जाए। इस आवेदन पर प्रतिवादीगण की ओर से ‘‘नो आब्जेक्शन’’ लिखा गया है।

अभिलेख परिशीलन से विदित होता है कि वादीगण की ओर से खाता–7 के हाल सर्वे खतियान की सच्ची प्रतिलिपि दाखिल की गई है, जिसे प्रदर्श अंकित करने की याचना की गई है। प्रस्तुत दस्तावेज लोक श्रेणी का प्रतीत होता है। अतः न्याय हित में इसे प्रदर्श अंकित करने का आदेश दिया जाता है। कार्यालय लिपिक इस दस्तावेज पर प्रदर्श अंकित करें। वाद दिनांक 29.01.2021 वास्ते वादी पक्ष के बहस हेतु।

अवर न्यायाधीश (तृतीय)